Aati-Bteal Legislation

8156. SHRI V. RAJAN CHELLAPPA:
SHRI S. AUSTIN:

Will fte PRIME MINISTER be pleased to state;

(a) by when Government propose to conduct a conference of Tamil Nadu beedi workers to study their economic status and to determine the consequences of. the proposed anti-beedi legislation;

(b) whther a fond would be established for their economic safety by Govern ment; and

. V(c) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY; OF HEALTH AND FA. MILY WELFARE (DR. C. SILVERA) (a) There is no such proposal.

(b) and (c) The. proposed anti-tobacco legislation may not significantly affect employment situation in the Beedi-In-*nstry.

गर्भाशय और स्तन कैंसर से पीड़ित रोगी

8157. श्री गोपाल सिंह जी सोलंकी : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने गर्भाशय और स्तन कैंसर से ग्रस्त रोगियों की संख्या का पता लगाने के लिए कोई राज्यवार सर्वेक्षण कराया हैं ;

(ख) यदि हां, तो उसका राज्य-वार ब्यौरा क्या है और सर्वेक्षण के क्या परि-णाम निकले ;

(ग) क्या सरकार ने गर्भाशय और स्तन कैंसर के इलाज के लिए कोई समय-बद्ध योजना तैयार की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० सी० सिल्वेरा) : (क) जी, नहीं ।

(ख) यह प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ) राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत इसके निवारण, शरू में ही पता लगाने और उपचार संबंधी सुविधाओं को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। यह सभी प्रकार के कैंसर रोगियों पर लागू है ।

मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विकृति की समस्या

8158. श्री ईश दत्त यादव : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हमारे देश में बड़े प्रतिशत में लोग मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विकृति की समस्या का सामना कर रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ;

(ग) क्या सरकार इस समस्या के समाधान हेतु चलाये जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा करने का विचार रखती हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० सी० सिल्वेरा) : (क) आबादी का एक प्रतिशत भाग मानसिक रोगों से पीड़ित है । इसके अतिरिक्त लगभग 20 प्रतिशत से 30 प्रतिशत लोगों को छोटी-मोटी मनोविकारी समस्याएं हैं ।

(ख) से (घ) मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम, 1987 पहले से ही लागू है। केन्द्रीय मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण स्थापित किया गया है । कुछ राज्य सरकारों ने भी मानसिक स्वास्थ्य प्राधि-करण स्थापित किए हैं। अनेक

मानसिक स्वास्थ्य अस्पतालों को स्वायत्ता का दर्जा दिया गया है। ये कदम सेवाओं में सुधार तथा वृद्धि करने के लिए उठाए गए हैं।

नयी गर्भ निरोधक औषधि "निकवन-काइन" के संबंध में अध्ययन

8159. **श्री संघ प्रिय गौतम :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को महिलाओं हेतु तैयार की गई एक नयी गर्भ निरोधक औषधि "निकवन-काइन" की जानकारी है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इस औषधि के संबंध में भारत में अथवा अन्य देशों में अब तक कोई अध्ययन और परीक्षण किये गए हैं ;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उनके क्या परिणाम निकले हैं ; और

(घ) क्या सरकार इस औषधि को बिना मूल्य के वितरित करने पर विचार कर रही है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पवन सिंह घटोवर) :

(क) "निकवनकाइन" नाम से कोई औषध नहीं है। तथापि, गर्भनिरोधन के लिए क्वाइनाक्राइन की जांच की गई है।

(ख) और (ग) महिला नसबन्दी के एक गैर-शल्य चिकित्सीय तरीके के रूप में क्वाइनाक्राइन के चरण-1 की नैदानिक जांच संयुक्त राज्य अमेरिका में की गई थी। तत्पश्चात विभिन्न खुराक सूचियों के साथ चिली, फिलिपीन, इंडोनेशिया, वियतनाम आदि देशों में ऐसी जांच की गई थी। भारत में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा आठ महिलाओं पर एक छोटा सा अध्ययन किया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इस विधि से आगे और नैदानिक जांच का कार्य विष विज्ञान संबंधी अध्ययनों के पूरा हो जाने के बाद ही किया जाएगा।

(घ) जी, नहीं।

स्तन कैंसर और गर्भाशय के कैंसर के कारण मौतें

8160. **श्री संघ प्रिय गौतम :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान प्रतिवर्ष स्तन कैंसर और गर्भाशय के कैंसर के कारण देश में राज्य-वार कितनी महिलाओं की मृत्यु हुई।

(ख) स्तन और गर्भाशय के कैंसर से पीड़ित रोगियों को आधुनिक तकनीक से इलाज कराने की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु क्या कदम उठाये जा रहे हैं ;

(ग) क्या सरकार स्तन और गर्भाशय के कैंसर के इलाज हेतु प्रत्येक राज्य में आधुनिक यंत्र / उपकरण उपलब्ध करने का विचार रखती है; और

(घ) आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान इस प्रयोजनार्थ कितनी धनराशि नियत की गई है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० सी० सिल्वेरा) :

(क) आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

(ख) और (ग) राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत इसके निवारण, इसका शुरू में ही पता लगाने और उपचार सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। वर्ष 1990-91 से कई योजनायें शुरू की गई हैं।

(घ) आठवीं योजना के दौरान राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के लिए 80 करोड़ रुपए की धनराशि निर्धारित की गई है।